अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495001

फोन 07752-220007, 220031, 220032, 220033, 220037, 220014 फैक्स. 07752-220031, 260294

ई-मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 3850 / स्था.प्रशा. / 2019 बिलासपुर, दिनांक 14/11/19

—:: संशोधित अधिसूचना ::—

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिये लोक सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी नियुक्त करने के संबंध में अधिसूचना क्रमांक 3398 / स्था.प्रशा. / 2019, दिनांक 15.04.2019 के माध्यम से गठित समिति में संशोधन करते हुए आगामी आदेश तक निम्नानुसार प्रशासनिक एककों के लिये लोक सूचना अधिकारी की नियुक्ति की जाती है:—

क्र	प्रशासनिक एकक	लोक सूचना अधिकारी
1	शारीरिक शिक्षा विभाग	श्री सौमित्र तिवारी, सहायक प्राध्यापक
2	परीक्षा एवं गोपनीय विभाग	श्री प्रदीप सिंह, उच्च श्रेणी लिपिक—।।
3	प्रशासन, अकादमी, पीएच.डी., वित्त एवं भण्डार विभाग	श्री शैलेन्द्र दुबे, सहायक कुलसचिव

अधिनियम की धारा 5 के उपधारा(2) के तहत अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने एवं लोक सूचना अधिकारी को प्रस्तुत करने हेतु श्री बी.आर. यादव, सेवानिवृत्त संविदा सहायक ग्रेड—।। को सहायक लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

पूर्व में अधिसूचना क्रमांक 3398 / स्था.प्रशा. / 2019, दिनांक 15.04.2019 के माध्यम से गठित समिति के प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं लोक सूचना अधिकारी यथावत कार्य संपादित करेंगे।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 25(2) के तहत प्रत्येक वर्ष दिनांक 31 दिसम्बर की स्थिति में वार्षिक प्रतिवेदन उच्च कार्यालय को प्रेषित करने की आवश्यकता होती है। अतः उक्तानुसार वार्षिक प्रतिवेदन प्रेषित करने हेतु संबंधित लोक सूचना अधिकारी आवश्यक जानकारियां संकलित करने के लिए संलग्न प्रारूप अनुसार पंजी संधारित करना सुनिश्चित करें तथा वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करने हेतु उक्त पंजी सहायक लोक सूचना अधिकारी को माह जनवरी के प्रथम सप्ताह में अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।

आदेशानुसार
14-11-19
(डॉ. सुधीर शर्मा)
कुलसचिव

पृ0 क्रमांक / 3851 / स्था.प्रशा. / 2019 बिलासपुर, दिनांक 14/11/19

प्रतिलिपिः—

01. माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02. वित्त अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. समस्त विभागाध्यक्ष / समस्त अनुभाग अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि., बिलासपुर को सूचनार्थ।
04. सर्वसंबंधितों .... को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

14-11-19
कुलसचिव